**श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–15.06.2026 (सोमवार) को पूर्वाह्न 09.30 बजे संपन्न विभागीय समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति**

1. श्री रवीन्द्र नाथ चौधरी, निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना।
2. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
3. श्री उमाकान्त प्रसाद, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री हिमांशु सिंह, उप निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना।
5. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
6. श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
7. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
8. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
9. श्री सपज्ञा ओमीड, सहायक निदेशक (योजना), खेल विभाग।
10. श्री रंजन कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
11. श्री भागीरथ प्रसाद यादव, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
12. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग।
13. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल विभाग।
14. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

**कार्यवाही**

**(1) सर्वोच्च प्राथमिकताएँ**

**(क) पटना में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी के निर्माण**

पटना में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण हेतु पटना जिले के पुनपुन अंचल अंतर्गत डुमरी मौजा में 100 एकड़ भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

इस विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना निर्माण हेतु मॉडल निर्धारण के लिए देश में पूर्व से निर्मित निर्माणाधीन महत्वपूर्ण स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का अवलोकन

एवं अध्ययन माननीय मंत्री महोदया द्वारा किया जाना है। इससे संबंधित यात्रा कार्यक्रम मंत्री कोषांग से प्राप्त किया जाय।

खेल विभाग के अन्तर्गत खेल अवसंरचना निर्माण, खेल प्रतियोगताओं के आयोजन नीति निर्माण, तकनीकी कार्यों एवं अनुश्रवण कार्य हेतु विभाग स्तर पर कंसलटेन्ट की सेवा लिये जाने का निदेश प्राप्त है। इस कार्य हेतु 'रूची की अभिव्यक्ति' (**EOI**) निकाले जाने हेतु संचिका उपस्थापित की जाय।

स्पोर्ट्स सिटी का शिलान्यास माह नवम्बर–2026 में किया जाना संभावित है। इस हेतु माह नवम्बर–2026 से पूर्व भूमि अधिग्रहण करने हेतु अद्यतन स्थिति के संबंध में दिनांक–17.06.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत किया जाय।

**(अनुपालन–श्रीमती हेमा कुमारी, सहा0प्र0 पदाधिकारी, प्रशाखा–04)**

**(ख) <u>राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स सिटी सेंटर</u>**

**i.** राज्य के 13 जिलों में 14 स्थानों पर प्रगति यात्रा के दौरान घोषणा के आलोक में राज्य स्तरीय एक्सीलेंस सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि 10 स्थानों पर कार्य सुचारू रूप से संचालित है तथा 4 स्थानों पर कतिपय समस्या है। जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र. सं. | जिला का नाम | निगम द्वारा परिलक्षित समस्या | अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निदेश |
|---|---|---|---|
| 1. | जहानाबाद | कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। | इस संबंध में प्रधान सचिव, कृषि विभाग को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |
| 2. | भागलपुर | कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है। | इस संबंध में प्रधान सचिव, कृषि विभाग को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |
| 3. | अरवल | चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण है। | इस संबंध में जिला पदाधिकारी, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अरवल को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |
| 4. | बक्सर | उपलब्ध भूमि मात्र छः एकड़ होने के कारण अतिरिक्त 1.5 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। | इस संबंध में सचिव, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया। |

**ii.** विकास आयुक्त महोदय के अध्यक्षता में हुई बैठक के आलोक में सभी संबंधित संवेदक के साथ बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना स्वयं बैठक कर कार्य में विलम्ब करने वाले संवेदकों पर नियमानुसार पैनाल्टी लगाने हेतु निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्रीमती हेमा कुमारी, सहा0 प्र0 पदाधिकारी, प्रशाखा--04)**

**(ग) सभी जिलों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना**

प्रथम चरण में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा किशनगंज (ताइक्वांडो), मधेपुरा (बैडमिंटन) एवं अरवल (कबड्डी) जिला में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक सप्ताह में कार्यशील करने हेतु निदेशित किया गया है। शेष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को शीघ्र प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

उपर्युक्त के संबंध में उप निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना को एक सप्ताह के अन्दर मैपिंग एवं रोड मैप तैयार करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री हिमांशु सिंह, उप निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0)**

**(घ) पंचायत स्पोर्ट्स क्लब के लिये दी जाने वाली सुविधाएँ**

**I.** बिहार राज्य के सभी 8053 ग्राम पंचायत एवं 154 नगर पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जा चुका है।

खेल क्लब में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने हेतु दिनांक–01.07.2026 से 15.08.2026 तक पोर्टल खोले जाने का निदेश बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को दिया गया।

पंचायत स्तरीय खेल महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक–02.10.2026 से अगले तीन माह तक पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु विस्तृत कार्यक्रम तैयार करने का निदेश बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को दिया गया। साथ ही आवश्यक तैयारी करने हेतु सभी जिला पदाधिकारी /जिला खेल पदाधिकारी को पत्र भेजने का भी निदेश दिया गया। पंयायत स्तरीय खेल महोत्सव के उपरांत प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय पर खेल क्लब महोत्सव आयोजित करने हेतु आवश्यक तैयारी करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा 04)**

**ii.** खेल क्लब में सदस्यों को जोड़ने हेतु पोर्टल का प्रचार–प्रसार प्रमुख समाचार पत्रों में किये जाने हेतु श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक को निदेश दिया गया।

**(च) मेडल लाओ नौकरी पाओ**

मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत अबतक नियुक्त किये गये खिलाड़ियों की संख्या तथा विज्ञापन वर्ष–2025 एवं वर्ष–2026 में नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन एवं चयनित खिलाड़ियों के संबंध में अद्यतन विस्तृत सूची/प्रतिवेदन निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना को दिया गया।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी नियुक्ति नियमावली–2023 (यथा–संशोधित) में संशोधन की कार्रवाई की सूचना प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री रवि कुमार, वरीय सचिवालय सहायक, प्रशाखा 01 एवं बि0रा0खे0प्रा0, पटना)**

**(छ) खेल विभागान्तर्गत अवसंरचनाओं एवं सुविधाओं का लाभ**

जिला स्तर पर उपलब्ध खेल भवन–सह–व्यायामशाला में मल्टी जिम अधिष्ठापित है। आमजनों/खिलाड़ियों के लिए शुल्क के आधार पर इसके उपयोग की विभागीय मार्गदर्शिका पूर्व से निर्गत है।

आम आदमी को यह सुविधा कैसे प्राप्त हो, इस संबंध में खेल विभाग के Website में लिंक उपलब्ध करने हेतु आवश्यक तैयारी करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन--श्रीमति नूपुर झा, उप निदेशक)**

(ज) माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार से प्राप्त पत्र के आलोक में वेन प्रखण्ड में स्टेडियम निर्माण हेतु बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को स्मार पत्र भेजे जाने एवं इस संबंध में निगम से बात करके अद्यतन स्थिति पता कर प्राक्कलन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री रविरंजन कुमार, सहा0 प्र0 पदाधिकारी, प्रशाखा–04)**

**(झ)** प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आमजनों के समस्याओं से संबंधित नोटिस बोर्ड लगाये जाने एवं प्राप्त आवेदनों की सूची/विवरण एक अलग रजिस्टर में संधारित करने का निदेश दिया गया।

सभी जिला खेल पदाधिकारी को सोमवार एवं शुक्रवार को आमजनों के समस्याओं से संबंधित सुनवाई की कार्यवाही का प्रतिवेदन (पंजी की छाया प्रति के साथ ) विभाग को उपलब्ध करायेगें। इस सबंध में सभी जिला खेल पदाधिकारी को पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन–श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल निदेशालय)**

**(ट)** श्री अभिनव बिंद्रा, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पूर्व भारतीय खिलाड़ी द्वारा स्पोर्ट्स साइंस सेंटर स्थापित करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है। इस संबंध में अभिनव बिंद्रा से प्राप्त पत्र के आलोक में वित्तीय प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु संलेख वित्त विभाग, बिहार, पटना की सहमति प्राप्त करने हेतु संचिका उपस्थापित है।

**(अनुपालन–श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–05)**

(2) आगामी योजनाएँ

(i) राज्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना:–

विगत वर्ष राज्य में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन विभाग के द्वारा कराया गया है, जिसके कुछ महत्वपूर्ण विषय है:–

- आगामी वर्षो में निम्नांकित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है:–
  1. वर्ष–2028 में नेशनल यूथ गेम्स-- इस संबंध में भारतीय ओलम्पिक संघ, नई दिल्ली को स्मार पत्र भेजा जाय।
  2. वर्ष–2030 में विश्व कप हॉकी इस संबंध में हॉकी इंडिया, नई दिल्ली को स्मार पत्र भेजा जाय।
  3. वर्ष–2031 में राष्ट्रीय खेल आयोजन हेतु संबंधित भारतीय ओलम्पिक संघ को स्मार पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन–श्रीमती प्रतिभा कुमारी, प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–05)**

**(ii)** प्रत्येक जिला में जो प्रखंड स्तरीय स्टेडियम एवं अन्य खेल अवसंरचना बना हुआ है। उसमें से **81 स्टेडियम** जहाँ पर प्रशिक्षण हेतु अवसंरचना अच्छी स्थिति में हैं। उसकी सूची तैयार कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से विमर्श करने का निदेश एवं इसका भौतिक रूप से निरीक्षण करने का निदेश सभी संबंधित जिला खेल पदाधिकारियों/अधीक्षक/उपाधीक्षक शा0 शि0 को दिया गया है।

निर्मित आउटडोर स्टेडियम के उस क्षेत्र में प्रशिक्षित खेल विधाओं में प्रशिक्षण आरंभ करने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (**SOP**) तैयार करने के लिए श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा) को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक, युवा)**

**(iii) हाफ मैराथन, राजगीर (2026) एव वाल्मीकि नगर (2027)**

हाफ मैराथन का आयोजन अक्टूबर, 2026 राजगीर में एवं फरवरी, 2027 में वाल्मीकि नगर में होना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री हिमांशु सिंह, उप निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना)**

(3) प्राथमिकताएँ

(i) विपत्रों का ससमय भुगतान

विपत्रों का ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाय तथा प्रशाखा पदाधिकारी–02 एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/उच्चवर्गीय लिपिक द्वारा ससमय विपत्र भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री रंजन कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–02)**

(ii) आवंटन

सचिव, खेल विभाग द्वारा निदेश दिया गया कि प्रशाखा पदाधिकारी–02 द्वारा बजट उपबंध के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालयों, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना, राज्य खेल अकादमी, राजगीर, एव बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर को उपलब्ध कराये गये स्वीकृत्यादेश एवं आवंटनादेश सूची तैयार कर संबंधित से उपयोगिता प्रमाण–पत्र की मांग की जाय।

**(अनुपालन– श्री रंजन कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–02 एवं श्री विकास शर्मा, वरीय सचिवालय सहायक)**

**(iii) बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से निम्नांकित बिंदुओं पर प्रतिवेदन अपेक्षित है:–**

1. बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा 37 एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है एवं शेष 27 एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन

करने हेतु श्री हिमांशु कुमार, उप निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री हिमांशु सिंह, उप निदेशक, बि0रा0खे0प्रा0, पटना)**

2. भारत सरकार के खेल नीति के अनुरूप राज्य खेल नीति–2026 बनाए जाने हेतु वित्त विभाग/ शिक्षा विभाग/ पर्यटन विभाग, बिहार, पटना एवं बिहार लोक सेवा आयोग, पटना का मंतव्य प्राप्त करने हेतु अनुरोध किया गया।

**(अनुपालन–श्रीमती प्रतिभा कुमारी, प्रशाखा पदाधिकारी–05)**

**(iv) राज्य खेल अकादमी, राजगीर में पदाधिकारी/कर्मियों के प्रतिनियुक्ति के संबंध में**

राज्य खेल अकादमी, राजगीर हेतु एक प्रशाखा पदाधिकारी, एक लेखा पदाधिकारी, उच्चवर्गीय लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिक का प्रतिनियुक्त करना आवश्यक है। इस संबंध में पुनः स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन–श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी–01)**

**(v) MIS Module (App)** – पंचायत/प्रखंड/जिला/प्रमंडल स्तरीय एवं अन्य निर्मित/निर्माणाधीन खेल अवसंरचनाओं की विवरणी फोटो सहित विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0 बिहार को निदेशित किया गया है। अबतक 6253 खेल अवसंरचनाओं का विवरण जिलों द्वारा विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

समीक्षा के क्रम में पूर्ण/स्वीकृत/निर्माणाधीन एवं खेलो इंडिया योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार की योजना का पूर्ण विवरण एवं **अद्यतन फोटोग्राफ** भी **प्रत्येक सप्ताह अपलोड किये जाने एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर भी भेजे जाने का** निदेश सभी जिला खेल पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0, बिहार को दिया गया। इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारी एवं उपाधीक्षक, शा0शि0

बिहार को भी पत्र भेजने का निदेश दिया गया। इससे संबंधित सूची के साथ बैठक में उपस्थित होंगे।

**(अनुपालन—श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक, युवा एवं श्रीमती हेमा कुमारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी—04)**

## (4) नियुक्ति से संबंधित अधियाचना

पाँच नियुक्ति नियमावली के आलोक में रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी अधियाचना संबंधित आयोग को भेजी जा चुकी है।

बिहार खेल सेवा संवर्ग 33 रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति से संबंधित परीक्षा सम्पन्न एवं परीक्षाफल प्रकाशित हो चुका है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की तिथि 18.06.2026 से 20.06.2026 तक निर्धारित की गई है।

बिहार खेल अधीनस्थ सेवा मूल कोटि के 379 क्रीड़ा प्रशीक्षक पद के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या—08/2025 प्रकाशित किया गया। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् क्रीड़ा प्रशिक्षक के 379 पदों का 21 खेल विधावार विवरण उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप आयोग ज्ञापांक—1921/आ0, दिनांक—04.05.2026 द्वारा खेल विधावार कोटिवार रिक्तियों की विवरणी एवं पाठ्यक्रम के संबंध में शुद्धि पत्र प्रकाशित किया गया है।

शेष नियुक्ति से संबंधित परीक्षा की संभावित तिथि जून—जुलाई, 2026 दिया गया है। परीक्षा के संबंध में अद्यतन की जानकारी आयोग से प्राप्त किया जाय।

**(अनुपालन— श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी—01)**

## (5) खेल विधेयक

खेल विधेयक (2026) की संचिका माननीय मंत्री महोदय के अनुमोदन हेतु उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन— श्रीमती प्रतिभा कुमारी, प्रशाखा पदाधिकारी—05)**

**(6) ग्राम/नगर पंचायत में खेल मैदान का निर्माण**

**(क)** 04 पंचायतों में खेल मैदान चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु 02 जिलों यथा– अरवल (02) एवं गया (02) से प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिलों के जिला पदाधिकारियों को स्मार पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया

**(ख)** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित/निर्माणाधीन पंचायत स्तरीय खेल मैदानों का सूची/विवरण प्राप्त किया जाय। जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल विभाग के पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण एवं अनुश्रवण हेतु कार्यक्रम बनाने का निदेश दिया गया।

**(ग)** ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना द्वारा कुल 8053 ग्राम पंचायतों में से 4701 ग्राम पंचायतों में 5183 खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया जा चुका है तथा 144 निर्माणाधिन है। शेष 3352 पंचायतों में भी खेल मैदान निर्माण कराने हेतु भूमि चिन्हित करने के लिए समाहर्ता को पत्र भेजा जाय तथा इसकी छायाप्रति जिला खेल पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को भी दिया जाय तथा इस संबंध में प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग, पटना को पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन-- श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–04)**

**(7) आउटडोर स्टेडियम निर्माण/जीर्णोद्धार**

**(क)** 125 प्रखण्डों में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। जिन प्रखण्डों हेतु प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है, उन प्रखण्डों में आउटडोर स्टेडियम निर्माण हेतु बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना से तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन प्राप्त कर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम के निर्माण से संबंधित प्रतिवेदन अद्यतन किये जाने का निदेश दिया गया।

(ख) संबंधित जिला खेल पदाधिकारियों अधीक्षक/उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, बिहार से जो अच्छी स्थिति में स्टेडियम हो, जिसमें खेल कार्यक्रम शुरू हो सके, उक्त संबंध में जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन को समेकित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री रविरंजन कुमार, सहा0 प्र0 पदाधिकारी–04)**

**(8) जिला स्तरीय खेल भवन–सह–व्यायामशाला**

**(क)** 25 जिलों में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 13 जिलों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है एवं कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति तैयार किया जाय।

**(अनुपालन– श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–04)**

**(ख)** बक्सर जिला अंतर्गत खेल भवन–सह–व्यायामशाला के निर्माण हेतु नये भूमि का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिए जिला पदाधिकारी, बक्सर को स्मार पत्र भेजा गया है। इसका अनुश्रवण किया जाय।

**(अनुपालन– श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–04)**

**(09) प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना का निर्माण**

प्रमंडल स्तरीय खेल अवसंरचना के निर्माण हेतु वास्तुविदिय नक्शा के संबंध में दिनांक–17.06.2026 को पूर्वाह्न–10:30 बजे पीपीटी प्रस्तुतिकरण करने का निदेश बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को दिया गया।

**(अनुपालन– श्रीमती हेमा कुमारी, सहा0 प्र0 पदाधिकारी–04)**

**(10) राज्य स्तरीय अवसंरचना निर्माण/जीर्णोद्धार**

**(i) बी0पी0 सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर पटना का पुर्ननिर्माण**

बी0पी0 सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय पटना के 8 एकड़ के परिसर को प्रीमियम खेल सुविधा के रूप में अपग्रेड किया जाना है। इस हेतु

पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (**PPP**) मॉडल के तहत विकसित किये जाने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–05)**

**(iii) <u>वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना</u>**

बांका जिला के ओढ़नी बांध के समीप वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना से संबंधित वास्तुविदिय नक्शा एवं तकनीकी प्राक्कलन उपलब्ध कराने हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना को निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–05)**

**(11) <u>बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर</u>**

कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर से प्राप्त सभी पत्रों का निष्पादन शीघ्र किया जाय।

विश्वविद्यालय संविधि से संबंधित मामले पर विद्वान महाधिवक्ता के निदेश के आलोक में कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन– श्री भागीरथ प्रसाद यादव, प्रशाखा पदाधिकारी–01)**

**(12) <u>माननीय सांसद, मंत्री एवं विधायक से निर्माण संबंधित प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई</u>**

माननीय सांसद, मंत्री एवं विधायक से निर्माण संबंधित प्राप्त पत्रों का सूची तैयार कर लिया जाय।

**(अनुपालन–प्रशाखा–04)**

**(13) <u>जिलों में निर्मित/निर्माणाधीन खेल अवसंरचनाओं का निरीक्षण कार्यक्रम</u>**

प्रत्येक जिला का भ्रमण सहायक निदेशक (युवा) एवं सहायक निदेशक (क्रीड़ा) द्वारा किया जायेगा। इन दोनों के साथ सहायक अभियंता रहेंगे। इसके

अन्तर्गत सहायक निदेशक (युवा)/सहायक निदेशक (क्रीड़ा) एक दूसरे के अन्तराल पर जायेंगे। निरीक्षण हेतु जिलावार क्षेत्र भ्रमण का अगले एक साल का कार्यक्रम (सोमवार एवं बुधवार को छोड़कर) जल्द निर्धारित कर अवगत कराये जाने का निदेश दिया गया।

निरीक्षण निम्न अवसंरचनाओं का किया जाना हैः—

1. खेल भवन—सह—व्यायामशाला, भवन
2. मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र
3. मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम
4. नगर एवं ग्राम पंचायत में निर्मित खेल अवसंरचना
5. प्रमण्डल स्तरीय खेल मैदान
6. इण्डोर स्टेडियम
7. एम0आई0एस0
8. संबंधित कार्यालय के कर्मियों की सूची।
9. आवंटन एवं उपयोगिता प्रमाण—पत्र की राशि से संबंधित मामले।

क्षेत्र भ्रमण हेतु आने—जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराने का दायित्व स्थापना शाखा द्वारा किया जायेगा।

संबंधित जिला के निरीक्षण किये जाने वाले खेल अवसंरचना की सूची संबंधित पदाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए खेल अवसंरचनाओं के कार्यकारी एजेंसी को भी उपस्थित रहने हेतु संबंधित को पत्र भेजे जाने के साथ संबंधित जिला के जिला पदाधिकारी को निरीक्षण से संबंधित सूचना भेजी जाय तथा उनसे सम्पर्क कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का निदेश दिया गया। इस संबंध में निदेश प्राप्त हुआ है कि तत्काल निरीक्षण कार्यक्रम स्थगित रखा जाये।

**(अनुपालन—प्रशाखा—04)**

**(14) खेल विभाग की वेबसाईट**

खेल विभाग के वेबसाईट पर विभागीय सूचनाओं को अपलोड करने हेतु निम्नवत् निदेश उप निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क को दिया गया।

**(क)** मंत्रिमंडल से अनुमोदित संलेखों, संकल्पों, दिशानिर्देशों एवं महत्वपूर्ण पत्रों को आई0टी0 प्रबंधक से विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करायेंगी।

**(ख)** सुलभ संगणक का विभागीय वेबसाईट पर अलग से प्रतीक (ICON) बनाना।

**(ग)** विभागीय वेबसाईट को सामान्य प्रशासन विभाग एवं अन्य विभागों के तर्ज पर परिष्कृत करना।

(अनुपालन--श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक एवं सुश्री दीपा रानी, आई0टी0 प्रबंधक)

**(15)** सभी प्रशाखा पदाधिकारी निर्गत महत्वपूर्ण पत्रों, दिशा–निर्देशों एवं अधिसूचना आदि को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आई0टी0 प्रबंधक को अलग से प्रतिलिपि देंगे।

(अनुपालन– सुश्री दीपा रानी, आई0टी0 प्रबंधक)

18.6.26

**(आरिफ अहसन)**
**निदेशक।**

ज्ञापांक– 1/स्था०–05–06/2024 2286/ पटना, दिनांक– 19/06/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18.6.26

**निदेशक।**

ज्ञापांक– 1/स्था०–05–06/2024 2286/ पटना/दिनांक– 19/06/2026

प्रतिलिपिः– कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर/निदेशक (खेल) के आशुलिपिक/निदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/आयुक्त मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पटना/उप निदेशक/अवर सचिव/विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सहायक निदेशक, (क्रीड़ा, युवा, योजना)/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक/उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बिहार/ आई0टी0 मैनेजर/सभी संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं कर्मी, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.6.26

निदेशक।